एक नजर में

विधायक ने पिलाई पोलियो की खुराक

नरसिंहगढ़ 30 जून, सं. राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को नगर सहित क्षेत्रभर में पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई गई. अभियान का शुभारंभ विधायक ने अपने निर्धारित बूथ पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया तथा अभिभावकों से अपील की कि वे अपने सभी बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं. नगर में अभियान के लिए कुल 36 बूथ बनाए गए हैं, जिनमें 3 मोबाइल बूथ भी शामिल हैं. मोबाइल टीमों को बस स्टैंड के दो स्थानों तथा बैरसिया नाका पर तैनात किया गया, ताकि यात्रा कर रहे या बूथ तक नहीं पहुंच पाने वाले बच्चों को भी पोलियो की खुराक दी जा सके. स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने पूरे दिन अभियान चलाकर अधिक से अधिक बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित की.

155 बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

पडाना 30 जून,सं. राष्ट्रीय पोलियो अभियान के अंतर्गत सोमवार को ग्राम पडाना में सघन जागरूकता और टीकाकरण अभियान चलाया गया. पोलियो बूथ क्रमांक 128 पर 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 155 बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई गई. स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार आयोजित इस अभियान में बूथ पर नहीं पहुंच पाने वाले बच्चों को घर जाकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरोज विश्वकर्मा एवं आशा कार्यकर्ता रेखा पुष्पद की टीम ने गांव के 126 घरों में भ्रमण कर शत-प्रतिशत कवरेज कर पोलियों की दवा पिलाई.

अग्निवीर बने रितेश का हुआ जोरदार स्वागत

पडाना 30 जून, सं. अग्निवीर योजना के तहत 6 महीने की कठिन ट्रेनिंग पूरी करने के बाद प्रथम आगमन पर सेना की वर्दी में मामा के गांव आशारेटा पहुंचे रितेश परमार का जोरदार स्वागत हुआ. ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और देशभक्ति के नारों के साथ जुलूस परमार हाउस से ग्राम आशारेटा तक निकाला गया. इस मौके पर शिवचरण परमार, बाबूलाल परमार, ओमप्रकाश परमार, करण सिंह भिलाला, शंकर परमार, संजय, मुरली सेन, शिव परमार, पप्पू परमार ,संजय परमार, राकेश परमार सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहें.

भैंसवा माता में बिजासन धाम का होगा सर्वांगीण विकास

पूर्वजों द्वारा निर्मित जल संरचनाओं को सहेजना हमारा दायित्व, मुख्यमंत्री द्वारा बिजासन धाम में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन किया

252 करोड़ 65 लाख रुपए के 31 विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमि पूजन किया

नवभारत न्यूज

ब्यावरा/ सारंगपुर/ राजगढ़ 30 जून, का. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने धार्मिक एवं पर्यटन विकास को प्रोत्साहन देते हुए भैंसवा माता में मां बिजासन धाम लोक के विकास, निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 20 करोड़ रुपये स्वीकृत किए जाने की घोषणा की.

मुख्यमंत्री के इस प्रयास से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को भी नई गति मिलेगी. इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक एवं कौशल विकास मंत्री गौतम टैटवाल व सांसद रोडमल नागर ने मंच से मुख्यमंत्री से मांग की थी. मंत्री श्री टैटवाल ने 20 करोड़ रूपये की मांग करने के साथ ही इस क्षेत्र का व्यापक रूप से विकास करने का आग्रह किया था. उन्होंने कई मांगे सीएम के समक्ष रखी.

सांसद रोडमल नागर ने बिजासन धाम के विकास की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि यहां करीब 251 करोड़ रूपये की कार्ययोजना बनाई गई है. जिसमें हर प्रकार के विकास कार्य के लिये रोडमैप बनाया गया है. उन्होंने धाम पर चल रहे प्रकल्प एवं इनके लिये आरक्षित भूमि तथा आवश्यक सहयोग की अपेक्षा की.

सिंहस्थ को भव्य, दिव्य बनाने सरकार प्रयत्नशील

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि विश्व का सबसे बड़ा मेला, हमारी सनातन संस्कृति का प्रतिबिंब,सिंहस्थ उज्जैन मध्य प्रदेश में आयोजित होता है. इसे भव्य, दिव्य बनाने और श्रद्धालुओं के स्नान आदि की सुविधाओं के लिए उज्जैन एवं आसपास के क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से कार्य कराए जा रहे हैं. हमारा प्रयास है कि सिंहस्थ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को शिप्रा नदी के स्वच्छ एवं पावन जल में सहजता एवं सुविधापूर्वक बिना किसी परेशानी के स्नान एवं उज्जैन तीर्थ के दर्शन हो सकें.

मुझे जीते जी मोक्ष दे दिया मुख्यमंत्री मोहन यादव ने...

प्रदेश के तकनीकि शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुखातिब होते हुए अपने संबोधन में कहा कि मुझे आपने महाकाल के दर्शन, पूजन कराते हुए उनकी सेवा का अवसर देकर एक प्रकार से मुझे जीते जी मोक्ष प्रदान कर दिया है. उन्होंने भाव विभोर होते हुए यह भी कह दिया कि अगर मैं अपने चमड़े के जूते भी आपको पहना दू तो भी आपका (सीएम मोहन यादव) ऋणी रहूंगा. मंत्री श्री टैटवाल ने कहा कि मैंरे पूर्व जन्म के पुण्य उदय हुए है जो मुझे यह शौभाग्य प्राप्त हुआ है. उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने मंत्री मंडल में सारंगपुर विधायक गौतम टैटवाल को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाते हुए महाकाल की नगरी उज्जैन का प्रभारी मंत्री बनाया है. इसके अतिरिक्त उन्हें एक ओर जिले बड़वानी का भी प्रभारी मंत्री का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. मंत्री टैटवाल ने सीएम का उनके प्रति अनुराग देखते हुए और महाकाल की सेवा का अवसर प्रदान करने पर उनका सार्वजनिक रूप से अभिनंदन कर आभार जताया.

जिले के विकास को नई दिशा देगी सीएम की घोषणाएं

सीएम डॉ मोहन यादव ने जिले के विकास को नई दिशा देगी देने वाली अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की. इन घोषणाओं से सारंगपुरए पचोर एवं आसपास के क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाए धार्मिक पर्यटन, सड़क संपर्क तथा नगरीय विकास को नई गति मिलेगी. मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मंत्री श्री टैटवाल की मांग पर सारंगपुर नगर में रेडेंसिफिकेशन योजना के अंतर्गत जीर्ण-शीर्ण शासकीय भवनों एवं आवासों का पुनर्निर्माण कराने, शासन संधारित अंबे माता मंदिर का जीर्णोद्धार करने और उसे अधिक आकर्षक एवं सुविधायुक्त बनाने, सारंगपुर में ही नवीन स्वीकृत फोर लेन मार्ग के समीप हाउसिंग बोर्ड द्वारा आधुनिक आवासीय कॉलोनी विकसित करने की घोषणा की.

मुख्यमंत्री ने पचोर एवं सारंगपुर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए विभिन्न सड़कों का निर्माण कराने की घोषणा भी की. उन्होंने कहा कि सारंगपुर-संडावता मार्ग पर उतावली नदी पर नवीन पुल का निर्माण कराया जाएगा. करौंदी से हीरापुरा तक लगभग दो किलोमीटर सड़क निर्माण सहित क्षेत्र के अन्य आवश्यक मार्गों के निर्माण की भी घोषणा की.



मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विधि-विधान से की मां बिजासन की पूजा

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भैंसवामाता एवं माता बिजासन के दर्शन कर पूर्ण श्रद्धा एवं भक्ति भाव से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं कल्याण की कामना की. पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भैंसवामाता मंदिर के प्रस्तावित स्वरूप का अवलोकन किया तथा मंदिर के विकास एवं सौंदर्यीकरण से संबंधित प्रस्तावित कार्यों की जानकारी प्राप्त की. मुख्यमंत्री ने भैंसवामाता क्षेत्र स्थित पवित्र दूधतलाई में हरित भारत का संदेश देते हुए बेलपत्र का पौधरोपण किया.

मारपीट मामले में राजगढ़ नपाध्यक्ष दोषी करार

तीन माह की सजा एक हजार रूपये का अर्थदण्ड

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 30 जून, का. आज से करीब दो वर्ष पुराने मारपीट के मामले में राजगढ़ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने राजगढ़ नपाध्यक्ष विनोद साहू को भारतीय दंड संहिता की धारा 323 (मारपीट) के तहत दोषी ठहराते हुए तीन माह के कारावास और एक हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है.

न्यायालय में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने शिकायतकर्ता सहित प्रत्यक्षदर्शियों, चिकित्सक और विवेचक के बयान प्रस्तुत किए. मेडिकल रिपोर्ट में शिकायतकर्ता के हाथ पर चोट की पुष्टि हुई. साथ ही घटना से संबंधित वीडियो रिकॉर्डिंग और अन्य साक्ष्यों का भी परीक्षण किया गया.

न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि उपलब्ध साक्ष्यों से शिकायतकर्ता के साथ मारपीट होना प्रमाणित हुआ है, लेकिन अश्लील गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी के आरोप संदेह से परे सिद्ध नहीं हो सके. इसी आधार पर अदालत ने धारा 323 में दोषसिद्धि करते हुए तीन माह की सजा और एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया, जबकि धारा 294 और 506 के आरोपों से बरी कर दिया.

पनाली गांव में दिखा विशाल अजगर, छोटे जीव को निगला

ग्रामीणों ने खेत में देखा ; पेट फूला होने से नहीं चल पा रहा था, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

नवभारत न्यूज

करनवास 30 जून, सं. समीपस्थ ग्राम पनाली में मंगलवार बारिश के बीच एक विशाल अजगर नजर आया. उसे देख ग्रामीणों में कौतूहल मच गया.

नदी के किनारे मौजूद एक खेत में अजगर मिलने की खबर के बाद वहां ग्रामीण जमा हो गया. अजगर का पेट फूला हुआ था और उसने संभवत: किसी छोटे जानवर को निगला हुआ है. ग्रामीणों के अनुसार एक बमुश्किल रेंग पा रहा था. हालांकि जीव काफी फुर्तीला भी था. ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस और वन विभाग को सूचना दी.

ग्राम पंचायत पनाली के सरपंच मोहन वर्मा ने बताया कि गांव के समीप नदी किनारे स्थित खेत में ग्रामीणों ने इस अजगर को देखा. अजगर का पेट भरा होने के कारण वह तेजी से रेंग नहीं पा रहा था. ग्रामीणों ने बिना देर किए इसकी सूचना पुलिस को दी, जिससे समय रहते बचाव अभियान शुरू किया जा सका.

वन विभाग ने सुरक्षित रेस्क्यू किया - सूचना मिलते ही थाना देहात ब्यावरा और थाना करनवास की टीमें मौके पर पहुंचीं. पुलिस, वन विभाग और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से अजगर को सावधानीपूर्वक सुरक्षित पकड़ा गया. उसे एक विशेष बोरे में रखकर वन विभाग के सुपुर्द किया गया. रेस्क्यू अभियान के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे.

डिप्टी रेंजर बोले-अजगर को सुरक्षित अभ्यारण्य में छोड़ा - वन विभाग के डिप्टी रेंजर दिनेश नागर ने जानकारी दी कि अजगर का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर उसे वन कार्यालय ब्यावरा लाया गया है.

प्राथमिक परीक्षण में अजगर सुरक्षित पाया गया है. आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे उसके प्राकृतिक आवास यानी अभ्यारण्य में छोड़ दिया जाएगा. बारिश के मौसम में अक्सर नदी-नालों और जंगल से लगे क्षेत्रों में सांप और अजगर जैसे वन्यजीव भोजन और सुरक्षित स्थान की तलाश में खेतों की ओर निकल आते हैं.

बिजली गिरने से बंदर की मौत, ग्रामीणों ने निकाली शवयात्रा

जीरापुर 30 जून,सं. समीपवर्ती ग्राम खारपा में आकाशीय बिजली गिरने से एक बंदर की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, गांव के राम मंदिर के पास स्थित एक पेड़ पर बंदर बैठा था. इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई. ग्रामीणों ने दुख प्रकट करते हुए बंदर की शवयात्रा निकाली.

मुरम से भरा ट्रैक्टर पलटा, 25 वर्षीय युवक की मौत

सादलपुर के पास हादसा अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर

नवभारत न्यूज

जीरापुर 30 जून, सं. नगर के समीपस्थ ग्राम सादलपुर में सोमवार सुबह करीब 10 बजे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई.

जानकारी के अनुसार, हरिओम पिता रामसिंह दांगी (25), निवासी सादलपुर, मुरम से भरा ट्रैक्टर लेकर गांव की ओर जा रहा था. इसी दौरान गांव के समीप गोबर की रोड़ी के पास ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे हरिओम ट्रैक्टर के नीचे दब गया.

हादसे के बाद परिजन एवं ग्रामीणों ने तत्काल हरिओम को बाहर निकालकर जीरापुर के सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है.

यातायात | विकल्प के तौर पर यातायात ने पुरानी दुर्घटनाओं से चेताने वाले बैनरों का सहारा लिया

9 नहीं अब 50 से ज्यादा ब्लैक स्पॉट पर पोस्टर वार्निंग

जिले में हाईवे पर दुर्घटना संभावित स्थानों पर नए सिरे से मुहिम

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 30 जून, का. राष्ट्रीय, प्रादेशिक राजमार्गो के साथ जिले के विभिन्न कस्बों को जोड़ने वाली स्थानीय सड़कों से घिरे राजगढ़ जिले में जहां परिवहन सुविधा बेहतर हुई है तो वहीं दुर्घटनाओं में भी वृद्धि हुई है.

जिले में बीते मार्च से लेकर जून तक करीब दो दर्जन से अधिक लोगों ने हाईवे पर सड़क दुर्घटना में अपने प्राण गंवा दिये है. इनमें अधिकांश दुर्घटना गलत साईड, ओवर टेक और रात के समय वाहन चालन के कारण हुई है. नेशनल हाईवे से लेकर स्टेट हाईवे और पीडब्ल्यूडी मार्गों पर भी हादसों में लोगों ने जाने गंवाई है. इसके पीछे जो कारण सामने आए है उनमें तकनीकि और मानवीय गलतियां प्रमुख है.

दुर्घटना का कारण गलत साईड में वाहन ले जाना, ओवर टेकिंग, रात के समय नींद की झपकी आना, तेज गति शामिल है. कुछ मामलों में तकनीकि खामियां भी जिम्मेदार है. इसका सबसे बड़ा उदाहरण करनवास कस्बे का हाईवे ज्वाईंट और पचोर रेलवे स्टेशन के सामने स्थित कट प्वाईंट है. इन स्थानों पर कई लोगो की जान चली गई है. ब्लैक स्पॉट से निपटने के लिए एनएचएआई और निर्माण एजेंसियों प्रयासरत है ही यातायात विभाग भी इस समस्या से निपटने के लिए मन से प्रयासरत नजर आ रहा है.

यातायात विभाग लोगों को इन संभावित दुर्घटना स्थलों की जानकारी आम लोगो तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है. इसके लिए जिले में करीब 50 से अधिक स्थानों पर पोस्टर लगाए गए है जिनमें बीते 4 सालों के हादसों में मारे गए लोगों की संख्या, उस स्थान पर खतरे से अलर्ट किया जा रहा है. इस प्रकार के पोस्टर सभी नगरों के हाईवे और दुर्घटना अति संभावित स्थानों पर लगाए गए है.

कम नहीं हो रहा दुर्घटनाओं का आंकड़ा -जिले में दुर्घटनाओं को आंकड़ा कम नहीं हो रहा है. लगातार वर्ष दर वर्ष सड़क हादसे बढ़े हैं और जनहानि हुई है. बीते 3 महीनों में ही करीब 37 लोगों ने सड़क हादसों में अपनी जान गंवाई है. इसके पूर्व गत वर्ष यह आंकड़ा 29 के आसपास इसी अवधि में था. ऐसे में हाईवे पर लगातार बढ़ते वाहन और दुर्घटनाएं यातायात महकमे के लिए भी चुनौती बन रही है. इसी से निपटने के लिए पोस्टर मुहिम शुरू की गई है.

9 डेंजर जोन, करने होंगे बड़े सुधार - जिले में 9 ब्लैक स्पॉट यातायात विभाग और प्रशासन की संयुक्त बैठक में चयनित किए जा चुके है. इनमें करनवास, धामंदा, गादिया सहित राजगढ़, जीरापुर, खिलचीपुर, कुरावर और पचोर हाईवे शामिल है. इसके अतिरिक्त करीब एक दर्जन स्थान ऐसे भी है जहां बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी है और उसके बाद भी वाहनों की गति में कमीं नहीं आई है. ऐसे 9 स्थानों पर फिलहाल स्पीड ब्रेकर, रेडियम पट्टी, संकेतक और यातायात पुलिस की तैनाती मौजूद है. वहीं कुछ स्थानों पर सुधार एनएचएआई द्वारा किया जाना है जो कि प्रस्तावित भी है.

राजगढ़ जिले में पूर्व में 9 ब्लैक स्पॉट चिन्हित है. हाल के दिनों में जहां दुर्घटनाएं अधिक हुई है वहा एसपी श्री तोलानी के मार्गदर्शन में यह प्रयास किया गया. उन स्थानों को चिन्हित किया गया है. हाईवे के ज्वाईंट पर मौजूद इन जगह पर हमने चेतावनी वाले पोस्टर लगाए है जिन्हें पढ़कर लोग सड़क हादसों को गंभीरता से लें. हमारी अपील है कि कहीं भी गलत साईड में वाहन ना चलाएं, जगह नहीं होने और मोड़ आने पर ओवर टेकिंग ना करें. हाईवे के किनारें पर स्पीड मानक बोर्ड लगे होते है उन्हें जरूर देखें और पालन करें.

देवनारायण पाण्डे
यातायात प्रभारी, राजगढ़

ब्यावरा में ओवर ब्रिज बन रहा परेशानी

ब्यावरा शहर में रेल्वे स्टेशन रोड़ पर ओवर ब्रिज अपनी बनावट और संकरे आकार के कारण बढ़ते ट्रैफिक के बीच परेशानी बन रहा है. यहां बड़े ट्रक और ट्रॉले तथा बसें गुना की ओर आते और जाते समय पूरी तरह नहीं मुड़ पाते है. जगह कम होने के कारण ट्रैफिक बार-बार जाम होता है. यहां यातायात पुलिस आरक्षक की तैनाती की गई है लेकिन उसके बाद भी जाम खुलवाने में मशक्कत होती है. क्योंकि बड़े वाहन टर्न के दौरान फंस जाते हैं और ट्रैफिक पुलिस को छोटे वाहनों को निकालने में परेशानी आती है. यहां सबसे ज्यादा परेशानी ट्रेन के आगमन समय पर बढ़ने वाले रिक्शे, कार और बाईक ट्रैफिक से होती है. उस दौरान बड़े वाहन आने से लोग परेशान होते है.

एक राष्ट्रीय राजमार्ग का सर्विस रोड़ ही गायब...!

एनएचएआई द्वारा बेहतर परिवहन की व्यवस्था करते हुए नित नये मार्गो को विकसित और दुरूस्त किया जा रहा है. राजगढ़ जिले के सबसे प्रमुख और व्यस्ततम यातायात के लिये बदनाम ब्यावरा नगर के साथ जो एनएचएआई ने किया है वह काफी दु:खदायी और हादसों को आमंत्रण देता नजर आ रहा है. यहां एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्ग का एक सर्वीस रोड़ ही गायब कर दिया है.

उल्लेखनीय है कि ब्यावरा दो राष्ट्रीय राजमार्ग का सम्मिलन वाला स्थल है. राजगढ़ बायपास चौराहे पर जयपुर-जबलपुर और आगरा-मुंबई राजमार्ग का मिलन होता है. एनएचएआई ने राजगढ़ बायपास से भोपाल चौराहे तक केवल एक सर्वीस रोड़ का ही निर्माण किया है. जिसे आगरा-मुंबई राजमार्ग का सर्वीस रोड़ माना जाय तो जयपुर-जबलपुर मार्ग का सर्वीस रोड़ का पता नहीं है. वाहनों की तादात और दो राजमार्ग के हिसाब से या तो एक नया सर्वीस रोड़ बनना चाहिए अथवा वर्तमान सर्वीस रोड़ की चौड़ाई बढ़ाना चाहिए. इससे दुर्घटनाओं में भी कमी आयेगी और यातायात भी सुगम हो सकेगा.

बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल से संबद्ध एवं
बार काउंसलिंग ऑफ इंडिया नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त
राजगढ़ जिले का प्रथम अशासकीय विधि महाविद्यालय
निर्विन्ध्या विधि महाविद्यालय
शासन द्वारा प्राप्त सभी छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध
विधि पाठ्यक्रम 2026-27
LLB 3 वर्षीय
B.A.LLB 5 वर्षीय
GNM 3 वर्षीय

प्रवेश एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से एवं सीएलसी राउंड द्वारा
पता : अभयपुर रोड, ग्राम कटारियाखेड़ी, तह. ब्यावरा जिला- राजगढ़
ऑफिस : 7440663447 मो. : 9425039231